INDIA NON JUDICIAL

१०० रु. Rs 100

सत्यमेव जयते

भारत

एक सौ रुपये ONE HUNDRED RUPEES

उत्तर प्रदेश / उत्तराखण्ड

2 9 JUN 2010

उप कोषागार–लक्सर
जनपद–हरिद्वार

<u>न्यास पत्र</u>

मैं रामकली पत्नि श्री हरीश चन्द निवासी हरिद्वार रोड, लक्सर स्वस्थ मन व स्वस्थ इन्द्रियों द्वारा खूब सोच विचारकर कुल सम्पत्ति 1000/- एक हजार रुपये से पुण्यार्थ कार्यों के लिए ट्रस्ट की स्थापना करती हूं तथा पुण्यार्थ उद्देश्यों, नाम, नियम, अधिकार को लिपिबद्ध करती हूं, तथा ट्रस्टी निम्न प्रकार होंगे। (1)- श्री हरीश चन्द पुत्र श्री रघुवीर सरन (2)- श्री अनिल कुमार पुत्र श्री हरीश चन्द (3)- श्री गोपाल अग्रवाल पुत्र श्री हरीश चन्द सभी निवासी हरिद्वार रोड लक्सर, जिला हरिद्वार (4)- श्री दीपक मणि गुप्ता पुत्र श्री मुकुट बिहारी गुप्ता निवासी लाडो वाली गली कनखल हरिद्वार, एवं (5)- श्री डा0 ए0 पी0 गुप्ता पुत्र श्री फकीर चन्द निवासी एम0 एम0 जी0 जिला अस्पताल गाजियाबाद।



ARVIND KUMAR GUPTA
ADVOCATE

न्यास संस्थापक
रामकली
श्रीमती रामकली

| | |
|---|---|
| 1- ट्रस्ट का नाम: | हरीश चन्द रामकली देवी एजूकेशनल ट्रस्ट |
| 2- ट्रस्ट का मुख्य एवं पंजीकृत कार्यालय: | उक्त ट्रस्ट का वर्तमान मुख्य एवं पंजीकृत कार्यालय हरिद्वार रोड लक्सर, जिला हरिद्वार उ0 प्र0 में स्थित होगा। यह कार्यालय आवश्यकतानुसार परिवर्तित हो सकेगा। |
| 3- ट्रस्ट के उद्देश्य: | जाति, धर्म, स्थान, भाषा या लिंग के आधार |

PRINCIPAL
H.R. Public Sch. (10+2), CBSE
Laksar, Haridwar (U.K.)
School No.- 81408, Affil. No.- 3530174

भारत INDIA

50रु. FIFTY RUPEES

उप कोषाधिकारी

17 JUL 2000

उप कोषागार—लक्सर

जनपद—हरिद्वार



पर कोई भेदभाव किये बिना, सर्वजनहितार्थ व पुण्यार्थ कार्य करना जिनमें मुख्य निम्न प्रकार है :-

ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य स्कूल खोलकर शिक्षा का प्रचार प्रसार करना है।

क- शिक्षा प्रचार प्रसार के लिये व्यवस्था करना।

ख- नि:शुल्क औषधालय की व्यवस्था करना।

ग- गरीब, आश्रय रहित के लिए अन्न क्षेत्र खोलना।

घ- आश्रय रहित, नेत्रहीनों, मूक, बहरों, वृद्धों, विकलांग बच्चों के लिए भोजन व कमरों का प्रबन्ध करना।

ङ- उपरोक्त उद्देश्यों के लिये दान चन्दा इत्यादि एकत्र करना।

4- ट्रस्ट के सदस्य: ट्रस्ट के सदस्य समय-समय पर कुल ट्रस्टियों के बहुमत द्वारा मुख्य ट्रस्टी की सहमति से लिये जायेंगे। - किसी भी ट्रस्टी की सदस्यता की समाप्ति का अधिकार मुख्य ट्रस्टी के पास रहेगा।

5- क- मुख्य ट्रस्टी: ट्रस्ट का मुख्य ट्रस्टी संस्था का सर्वोच्च एवं सम्मानित अधिकारी होगा जो कि श्री हरीश चन्द्र जी होंगे। मुख्य ट्रस्टी को ट्रस्ट की ओर से सब प्रकार के इकरार करने, ट्रस्ट की ओर से अपने नाम से सब प्रकार के दावें करने, अपील करने, अटार्नी नियुक्त करने, प्रार्थना पत्र आदि देने, मुकदमे में व अन्य कार्यवाहियों में ट्रस्ट की ओर से जवाब देही व बचाव करने, ट्रस्ट की ओर से [illegible]

रामकली

3 पर:---

Manager
Harish Chandra Ram Kali
B.Ed. College
Basedi, Laksar (Haridwar)

PRINCIPAL
H.R. Public Sch. (10+2), CBSE
Laksar, Haridwar (U.K.)
School No.- 81408, Affil. No.- [illegible]

27.7.23

जबाबदावें, अपील व प्रार्थना पत्र आदि पर हस्ताक्षर करने ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिये, किसी भी विवाद में आपसी फैसला करने, किसी भी विवाद को पंच निर्णय के सुपुर्द करने, अपने हस्ताक्षर में ट्रस्ट का बैंक में खाता खोलनें, ट्रस्ट का रुपया बैंक से निकालने व बैंक में जमा करने ट्रस्ट की ओर से वैतनिक अवैतनिक कर्मचारी रखने उनकी सेवा शर्तें तय करने तथा उन्हें हटाने वैसब कार्यों व सम्पत्ति आदि का हर प्रकार का प्रबन्ध करने तथा सामान्यतया ट्रस्ट का प्रबन्ध व - प्रशासन चलाने का अधिकारी व उत्तरदायी रहेगा। मुख्य ट्रस्टी को ट्रस्ट की उन्नति के लिये दान व - सहायता प्राप्त करने तथा अन्य वैधानिक तरीकों से दान संग्रह करने तथा ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिये दान व्यय करने का अधिकार रहेगा। मुख्य ट्रस्टी संस्था के पद पर आजीवन ही रहेंगे, तथा इनके बाद ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी श्री गोपाल अग्रवाल रहेंगे।

ख- सामान्य ट्रस्टी: अन्य ट्रस्टी एक सामान्य ट्रस्टी की भांति कार्य करेंगे। इनके द्वारा ऐसा कोई भी कार्य नही होना चाहिये जिससे की ट्रस्ट को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार की क्षति पहुँचती हो।

6- यह ट्रस्ट पूर्ण रूप से गैर राजनैतिक, पुण्यार्थ व सर्वजन हितार्थ संस्था के रूप में है और हर हालत में इस ट्रस्ट की सम्पत्ति व कुल आय ट्रस्ट के उपर वर्णित उद्देश्यों के लिए समर्पित रहेगी, प्रयोग होगी।

7- ट्रस्ट द्वारा पुण्यार्थ एक विद्यालय की स्थापना की जाएगी जिसका कि समस्त प्रबन्धन श्री गोपाल अग्रवाल [सामान्य ट्रस्टी] को होगा। उन्हें विद्यालय से सम्बन्धित सभी निर्णय लेने का अधिकार होंगे। श्री गोपाल अग्रवाल को ही विद्यालय प्रबन्धन कमेटी बनाने का अधिकार रहेगा एवं वे स्वयं उस कमेटी के अध्यक्ष रहेंगे। श्री गोपाल अग्रवाल को विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी रखने का पूरा अधिकार होगा तथा उक्त विद्यालय की चल-अचल सम्पत्ति को भारतीय ट्रस्ट अधिनियम-1882 के प्रावधानों के अन्तर्गत खरीदने व बेचने का अधिकार होगा। --

[signature]

[signature]
Manager
Harish Chandra Ram Kali
P.G. College
Basedi, Laksar (Haridwar)

[signature] 27-7-23
PRINCIPAL
H.R. Public Sch. (10+2), CBSE
Laksar, Haridwar (U.K.)
School No.- 81408, Affil. No.- 3530174

8- ट्रस्ट को सब प्रकार की भविष्य में प्राप्त चल व अचल सम्पत्ति पुण्यार्थ व सार्वजन हितार्थ उद्देश्यों के लिये निहित रहेगी।

9- ट्रस्ट की मीटिंग ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी द्वारा की जायेगी तथा उसकी अनुपस्थिति में अन्य किसी ट्रस्टी द्वारा मीटिंग की प्रधानता होगी।

10- अगर किसी भी कारण से ट्रस्ट के उद्देश्य पूरे न हो सके तो ट्रस्ट की समस्त सम्पत्ति दूसरे ट्रस्ट को स्थानान्तरण की जायेगी, जिसके उद्देश्य व लक्ष्य इसी ट्रस्ट जैसे हो।

11- ट्रस्टियों का कार्यालय अवैतनिक होगा परन्तु ट्रस्टियों को यात्रा भत्ता व उनके व्यय जो ट्रस्ट के कार्यों से सम्बन्धित होंगे उनको दिये जायेंगे।

12- मुख्य ट्रस्टी द्वारा किसी भी ट्रस्टी को उसकी योग्यतानुसार किसी भी समय व किसी भी कार्य पर नियुक्त किया जायेगा।

13- नियमों में संशोधन: संस्थान के मूलभूत उद्देश्यों के अधिक व सफल कार्यान्वन के लिये यदि उपरोक्त नियमों में किसी समय कोई संशोधन अपेक्षित हो तो सभी ट्रस्टियों की सहमति से किया जा सकेगा।

14- ट्रस्ट की किसी भी अचल सम्पत्ति पर किसी को भी किरायेदार रखने का अधिकार प्राप्त नही होगा। ट्रस्ट की समस्त सम्पत्ति सिर्फ उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ही प्रयोग में लायी जायेगी। यह प्रावधान इस ट्रस्ट की तिथी से ही लागू माने जायेंगे।

राम प्यारी

तहरीर तारीख:- 09/08/2000 ई0

ह0:

गवाह:
(ATUL JINDAL) (Adv.)
S/o Sh R.K. Jindal
Railway Road
Haridwar

गवाह:-
Adv.
ARVIND KUMAR GUPTA
S/o Sh. BHAGWAT PRASAD KANSAL
R/o KANKHAL, HARIDWAR

Adv.

फोटो प्रमाणितकर्ता एवं ड्राफ्टेड बाई: अरविन्द कुमार गुप्ता एडवोकेट, हरिद्वार।

टाईपकर्ता: देवेन्द्र कुमार शर्मा।-
D.K.Sharma

Harish Chand Agarwal
Harish Chan...
Based...

Meenakshi 27-7-23
PRINCIPAL
H.R. Public Sch. (10+2), CBSE
Laksar, Haridwar (U.K.)
School No.- 81408, Affil. No.- 3530...

भारतीय गैर न्यायिक

दस रुपये

रु.10

TEN RUPEES

Rs.10

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

शपथ-पत्र

23AA 487426

समक्ष: सक्षम अधिकारी/सचिव महोदय, सेन्ट्रल बोर्ड आफ सैकेन्ड्री एजूकेशन, नई दिल्ली

शपथ पत्र मिनजानिब : गोपाल अग्रवाल पुत्र श्री हरिशचन्द्र अग्रवाल निवासी हरिद्वार रोड लक्सर डाकखाना व तहसील लक्सर जिला हरिद्वार निम्न शपथ पूर्वक बयान करता हूँ:-

1. यह कि मेरा उपरोक्त नाम व पता सब सच व सही है।
2. यह कि हरिशचन्द्र रामकली देवी एजूकेशनल ट्रस्ट सोसायटी हरिद्वार रोड लक्सर जनपद हरिद्वार का अध्यक्ष हूँ।
3. यह कि उपरोक्त ट्रस्ट सोसायटी द्वारा एच.आर. पब्लिक स्कूल लक्सर जनपद हरिद्वार संचालित किया जाता है।
4. यह कि हरिशचन्द्र रामकली देवी एजूकेशनल ट्रस्ट सोसायटी की प्रबन्धकारिणी समिति के कुल पदाधिकारियों/ सदस्यों की संख्या 7 है।
5. यह कि उपरोक्त प्रबन्धकारिणी समिति में कोषाध्यक्ष श्री हरिशचन्द अग्रवाल पुत्र श्री रघुवीर शरण मेरे पिता है तथा एक सदस्य श्री अनिल अग्रवाल मेरे भाई हैं इसके अतिरिक्त चार अन्य पदाधिकारी/ सदस्य मेरे परिवार के सदस्य नहीं है।
6. यह कि उक्त ट्रस्ट प्रोपराईटरशिप ट्रस्ट नहीं है यह एक नॉन प्रोपराईटरशिप ट्रस्ट है। ट्रस्ट का उद्देश्य जनसेवा है।
7. यह कि इस शपथ पत्र का कोई भी अंश गलत पाये जाने की दशा में मैं शपथकर्ता खुद जिम्मेदार रहूँगा।

यह कि इस शपथ पत्र का कुल मजमून पैरा संख्या 1 से 7 तक मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सब सच व सही है। इसमें कोई झूठ नहीं बोला गया है और न ही कोई तथ्य छिपाया गया है। सत्य कथन के लिए ईश्वर मेरी मदद करे।

NOTARY
Daya Nand Sharma
Ghaziabad (U.P.)
Reg. No. 2102
GOVT. OF INDIA

C.S.

कृते जिलाधिकारी, दिनांक :

गाजियाबाद

ATTESTED

[signature] 1-3-07

Daya Nand Sharma (Advocate)

Notary, Ghaziabad (U.P.)

[signature]

शपथकर्ता

( गोपाल अग्रवाल )

[signature] 27.7.23

PRINCIPAL

H.R. Public Sch. (10+2), CBSE

Laksar, Haridwar (U.K.)

School No.- 81408, Affil. No - 3530174